लोक- प्रशासन

लोक प्रशासन अंग्रेजी भाषा के दो शब्दों 'Public' और 'Administration' का पर्यायवाची है। यह दो शब्दों 'लोक' और 'प्रशासन' से मिलकर बना है। 'लोक' शब्द सार्वजनिकता का सूचक है तथा यह आदमी के लिए प्रशासन का मार्ग प्रशस्त करता है। लोक शब्द का प्रयोग आम सरकारी संस्था के प्रशासनिक कार्यों को परिलक्षित करता है। इसे जनप्रशासन, सार्वजनिकप्रशासन या सरकारी प्रशासन भी कहा जाता है। लोक शब्द का प्रयोग इस विषय को सरकार के प्रशासनिक क्रियाकलापों तक सीमित कर देता है, क्योंकि राज्य ही एकमात्र ऐसा संगठन है जिसमें देश के अन्दर रहने वाले समस्त व्यक्ति आ जाते हैं। अतः लोक प्रशासन से अर्थ मानवीय एवं भौतिक स्रोतों के शासन द्वारा निर्धारित उद्देश्यों की पूर्ति के लिए एक संगठन से है। लोक या जनशब्द सार्वजनिकता का सूचक है तथा यह आम नागरिक के लिये प्रशासन का द्वार खोलता है अर्थात् जो प्रशासन आम लोगों के लिए हो, वह लोक प्रशासन है।

प्रशासन व्यक्तिगत और सार्वजनिक हो सकता है लेकिन लोक प्रशासन कभी भी व्यक्तिगत नहीं हो सकता है। सरकार द्वारा समस्त क्रियाएँ व्यापक, सार्वजनिक और लोक-हित की होती हैं इसलिए सरकारी कार्यों के प्रशासन को लोक प्रशासन कहा जाता है।

व्हाइट, वुडरोविल्सन, फिफनर, डिमॉक, आदि लोकप्रशासन के विस्तृत अर्थ में स्वीकार करते हैं। गुलिक, साइमन, विलोबी, ग्लेडन आदि इसके संकुचित मत को मानते हैं।

लोक प्रशासन की परिभाषाएँ

एल०डी० व्हाइट :- "लोकप्रशासन में वे सभी कार्य आ जाते हैं जिसका उद्देश्य सार्वजनिक नीतियों को पूरा करना या लागू करना होता है।"

Scanned with CamScanner

गुडनो विल्सन :- "कानून को विस्तृत एवं क्रमबद्ध रूप से क्रियान्वित करने का नाम ही लोक प्रशासन है। कानून को क्रियान्वित करने की प्रत्येक क्रिया एवं प्रशासकीय क्रिया है।

हर्बर्ट साइमन के शब्दों में, "साधारण प्रयोग में लोक प्रशासन का अर्थ राष्ट्रीय, प्रान्तीय तथा स्थानीय सरकारों की कार्यपालिका शाखाओं की क्रिया से है।

पॉल एच० एप्पलबी की दृष्टि में, "नीति-निर्माण ही लोक प्रशासन का सार है।"

Scanned with CamScanner